भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †15

उत्तर देने की तारीख 1 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

एनवाईकेएस और आरजीएनआईवाईडी कार्यक्रम

†15. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:
श्री जय प्रकाश:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) और राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी) द्वारा युवा प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास और सामुदायिक भागीदारी कार्यक्रमों को सोनीपत और हिसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या सरकार ने ध्यान दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इन कार्याकलापों तक सीमित पहुंच है जिससे प्रतिभाशाली युवाओं के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त निर्वाचन क्षेत्र में एनवाईकेएस और आरजीएनआईवाईडी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किए गए युवाओं की संख्या कितनी है और उन पर खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान सोनीपत और हिसार लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में नेहरू युवा केंद्र और आरजीएनआईवाईडी के माध्यम से आयोजित किए गए कार्यक्रमों, युवाओं को प्रदान किए गए प्रशिक्षण और इन कार्यक्रमों पर किए गए कुल व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का विचार युवा व्यक्तित्व, नेतृत्व प्रशिक्षण, खेल और सामुदायिक सेवा कार्यकलापों के विकास के लिए इन कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त संसाधनों, प्रशिक्षकों, निगरानी तंत्र और बजट को बढ़ाकर इन निर्वाचन क्षेत्रों में युवा भागीदारी को और मजबूत करने का है ?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : माई भारत (पूर्ववर्ती एनवाईकेएस), अपने जिला स्तरीय केंद्रों और आरजीएनआईवाईडी के माध्यम से सोनीपत और हिसार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित देश भर में युवाओं की सहभागिता, नेतृत्व विकास और सामुदायिक भागीदारी के व्यापक कार्यक्रम आयोजित करता है। इन कार्यकलापों का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देना, नागरिक

जिम्मेदारी को बढ़ाना और ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को विकास के अवसर प्रदान करना है। आरजीएनआईवाईडी नेतृत्व, टीम निर्माण, व्यक्तित्व विकास, जीवन कौशल शिक्षा, उद्यमशीलता विकास, रोजगार कौशल, कौशल विकास और मानसिक स्वास्थ्य आदि जैसे विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। स्थानीय युवाओं की पहुंच और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इन कार्यक्रमों को नियमित रूप से उक्त निर्वाचन क्षेत्रों के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आयोजित किया जाता है।

(ग) और (घ): माई भारत और आरजीएनआईवाईडी द्वारा पूरे देश में प्रशिक्षण कार्यक्रम और गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, निर्वाचन क्षेत्र-वार नहीं । अत: प्रशिक्षण कार्यक्रम और गतिविधियों का निर्वाचन क्षेत्र-वार ब्यौरा नहीं रखा जाता है। माई भारत संबंधित जिला स्तरीय केंद्रों के माध्यम से जिला स्तर के रिकॉर्ड का अनुरक्षण करता है परंतु निर्वाचन क्षेत्र-वार इन रिकॉर्ड का संकलन या अनुरक्षण नहीं किया जाता है। इसी प्रकार, आरजीएनआईवाईडी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है और इस डाटा का निर्वाचन क्षेत्र-वार अनुरक्षण नहीं करता है। आरजीएनआईवाईडी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या मासिक आधार पर डीबीटी पोर्टल पर अपलोड की जाती है।

(ङ) आरजीएनआईवाईडी के प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन क्षेत्र-वार आयोजित नहीं किए जाते हैं; तथापि, संस्थान युवा व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व प्रशिक्षण, खेल और सामुदायिक सेवा गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश भर में अपनी पहुंच, प्रशिक्षण गुणवत्ता और कार्यक्रम प्रभावशीलता को लगातार बढ़ा रहा है। कार्यक्रम समन्वयकों द्वारा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाती है, योग्य संकाय सदस्य और विशेषज्ञ सत्रों का संचालन करते हैं और निरंतर सुधार करते रहने के लिए संरचित प्रतिक्रिया तंत्र का पालन किया जाता है।

माई भारत के तहत, कार्यक्रम डिलिवरी में सुधार करके, क्षेत्र स्तर पर कार्यान्वयन को बढ़ाकर, और निगरानी एवं मूल्यांकन के लिए डिजिटल उपकरणों का लाभ उठाकर युवाओं की भागीदारी को और मजबूत करने के लिए कई उपाय किए गए हैं। स्कीम के दिशानिर्देशों, धन की उपलब्धता और युवाओं की बढ़ती जरूरतों के अनुसार कार्यक्रम की आवश्यकता और संसाधनों के आवंटन की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। इन प्रयासों का उद्देश्य उक्त निर्वाचन क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों में सामूहिक रूप से युवा सहभागिता और नेतृत्व विकास के अवसरों का विस्तार करना है।

*****